मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-124
07/04/2022

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री द्वारा आयोजित दावत–ए–इफ़्तार में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 07 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज जवाहरलाल नेहरू पथ स्थित अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान के आवास पर आयोजित दावत–ए–इफ्तार में शरीक हुए। मुख्यमंत्री को गुलदस्ता, टोपी एवं साफा भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। बौद्ध भिक्षुओं ने भी मुख्यमंत्री को भगवान बुद्ध की तस्वीर भेंट की। इफ्तार के बाद रोजे की नमाज अदा की गई, जिसमें दावत–ए–इफ्तार में शरीक मुख्यमंत्री सहित सभी रोजेदारों ने प्रदेश, समाज और देश में अमन–चैन, शांति एवं भाईचारा का माहौल कायम रहने की दुआ मॉगी।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, उपाध्यक्ष बिहार विधानसभा श्री महेश्वर हजारी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री जयंत राज, सिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन श्री अफजल अब्बास, अजमेर शरीफ के गद्दीनशीं सैयद अनवर फरीदी, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, पूर्व सांसद श्री मोनाजिर हसन, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजू गीता, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, डॉ0 अब्दुल हई सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं रोजेदार उपस्थित थे।

******